

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

26वां रोजा

शिया
सहरी : 4.17 बजे
इफ्तार : 6.36 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.22 बजे
इफ्तार : 6.27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## अनुराग को मिली पीएचडी की उपाधि

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत अकोहरिया के गांव जमकोरियापुर निवासी अनुराग गुप्ता ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विवि लखनऊ के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अरविन्द कुमार सिंह के निर्देशन में जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय में शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। अनुराग गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान संतोष कुमार पासी, शिवमूर्ति, सुखदीन आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्प दे रहे दगा, गर्मी में कैसे तर होगा गला

## अधिकतर जगहों पर सालों से पड़े हैं खराब, फाइलों में कैद होकर रह गया रिबोर कराने का प्रस्ताव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** अप्रैल की शुरुआत से ही गर्मी ने रफ्तार पकड़ी है। गर्मी बढ़ते ही हैंडपंप सूखने लगे हैं। कई गांवों में इसके चलते पेयजल का संकट बढ़ने लगा है। खराब हैंडपंपों को ठीक कराने के लिए जिम्मेदार आगे नहीं आ रहे हैं। कई हैंडपंप तो सालों से खराब पड़े हैं, लेकिन उन्हें रिबोर कराने का प्रस्ताव फाइलों में कैद होकर रह गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अब पेयजल की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है।

पड़ताल के दौरान पता चला कि कई जगहों पर जिम्मेदारों की लापरवाही रही तो कई जगहों पर राजनीतिक कारण है। गांवों में अग्निकांड की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे में हैंडपम्पों के दगा देने की वजह से लोगो को समस्याओ से जूझना पड़ रहा है। शुक्रवार को अमृत विचार टीम ने पड़ताल की तो कई हैंडपंप खराब मिले।

"ऐसी जानकारी नही है। पेयजल संकट दूर कराना प्राथमिकता में है। अधिकतर जगहों पर समस्या का निदान करा दिया गया है। अगर कहीं ऐसी समस्या है तो उसे हर हाल में दुरुस्त कराया जाएगा। **–नवीन कुमार सिंह,** जिला पंचायत राज अधिकारी"

### केस 1



लखनापुर में खराब पड़ा हैंडपंप।

सरेनी ब्लाक में अमूमन पेयजल की बड़ी समस्या है लेकिन जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी टंकियों से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। लेकिन वर्तमान में लखनापुर गांव में ललऊ गुप्ता के दरवाजे पर लगा हैंडपम्प बीते कई सालों से खराब पड़ा है। हैंड पम्प के खराब होने से लगभग एक हजार आबादी प्रभावित है। ग्रामीणों ने कई बार ब्लाक के अधिकारियों को जानकारी दी लेकिन समस्या आज भी ज्यों-की-त्यों बनी हुई है।

### केस 2



कोरिहर में खराब हैंडपंप।

सतांव ब्लाक के कोरिहर बाजार स्थित दुर्गा माता मन्दिर के बगल में लगा हैण्डपम्प विगत चार वर्षों से खराब पड़ा है। ग्रामीणों के साथ ही दूर-दराज से आने वाले माता के भक्तों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार समस्या से अनजान बने हैं। सड़क के नजदीक लगे इस हैंडपम्प से राहगीर अपना गला तर करते थे। लेकिन अब गर्मी के बढ़ते ही पेयजल की समस्या बढ़ गई है।

### केस 3



शेखपुर समोधा में इस हाल में है हैंडपंप।

बछरावां ब्लाक के शेखपुर समोधा गांव के मेन चौराहे पर लगा सरकारी हैण्डपम्प सालों से बदहाल है। जबकि चौराहा होने के कारण लोगों का आना-जाना बना रहता है। हैंडपंप खराब होने के कारण यात्रियों को पेयजल के लिए जूझना पड़ता है। उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है या तो पानी की बोतल खरीदनी पड़ती है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत भी की लेकिन इसे दुरुस्त नहीं कराया गया।

### केस 4



झाड़ियों से पटा खराब हैण्डपम्प।

खीरो ब्लाक के चक गजराज के गांव चकफेर शाह में हनुमान मंदिर के निकट लगा हैंडपम्प सालों से खराब पड़ा हुआ है। इस समय हालत यह है कि इस हैंडपंप के आसपास झाड़ियां उग आयी हैं। इस रास्ते से जहां हजारो लोगों का आना-जाना होता रहता है वहीं इसी रास्ते मे मन्दिर होने की वजह से बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों का भी सुबह और शाम को आवागमन होता है। अब तक बदहाल इस हैंडपम्प को ठीक नहीं कराया जा सका है।

## पैगम्बर नगर में एक सप्ताह से नहीं हो रही जलापूर्ति

महराजगंज, रायबरेली



लाया गया पानी का टैंकर।

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही नगर पंचायत में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। कई वार्डों में कम प्रेशर की दिक्कत है तो वहीं नगर पंचायत के पैगम्बर नगर वार्ड में एक सप्ताह से पानी न पहुंचने से रमजान महीने में रोजा रखने वाले रोजेदार पानी की किल्लत से परेशान हैं। वार्ड के लोगों ने चेयरमैन से लेकर नगर पंचायत तक जलापूर्ति को लेकर गुहार लगाई लेकिन संकट बरकरार है।

पूरे रानी व घेरा में लगे पंपों से पेयजल आपूर्ति की जाती है। पंपों के जरिए वार्डों में पेयजल आपूर्ति शुरू होने के समय से ही दूषित जलापूर्ति होती रही, जिसकी दर्जनों शिकायतें होने के बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जैसे-तैसे हो रही दूषित जलापूर्ति में भी नगर के आधा दर्जन वार्डों में कम प्रेशर तो एक दो वार्डों में गंदा व दूषित जलापूर्ति होती रही। गर्मी का मौसम आते ही एक बार फिर नगर पंचायत की पेयजल आपूर्ति की कलई खुल कर सामने आ गई है। पैगम्बर नगर में रमजान शुरू होते ही दो घंटे तक कम प्रेशर व गंदे पानी की सप्लाई हो रही थी, लेकिन एक सप्ताह पूर्व जलापूर्ति बाधित हो गयी। एक सप्ताह पूर्व नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को नगर में पेयजल समस्या व साफ सफाई को लेकर ज्ञापन भी दिया था। ज्ञापन पर एसडीएम द्वारा समस्याओं के निराकरण के आश्वासन के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा।

"कुछ जगहों पर नए कनेक्शन दिए जा रहे हैं जिससे जलापूर्ति बाधित हुई है। इसके अलावा जिन लाइनों में लीकेज हो गए हैं, वहां दूषित पानी आता है। एक-दो दिन में लीकेज ठीक करा दिया जाएगा। **–अपर्णा मिश्रा,** अधिषाशी अधिकारी, महराजगंज"

# गोकनाघाट पर नहाने से झिझक रहे श्रद्धालु

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार :** गंगाजल की मान्यता अमृत जैसा पावन और निर्मल जल की है। लोग इस जल को घर में रखकर महीनों तक इसे पीते थे। गंगा तटों पर लोग इस स्वच्छ जल को पेयजल के रूप में खूब प्रयोग करते थे, किंतु जल इतना दूषित है कि लोग नहाने से भी झिझक रहे हैं। नदी में प्रवाह के साथ आने वाली गंदगी से गंगा मां का आंचल सिसक रहा है। इस समय गंगा का जलस्तर काफी कम है। विगत तीन दिनों से इसमें कुछ पानी छोड़ा गया तो करीब डेढ़ फिट जलस्तर बढ़ा है। इसी के साथ जल में जलीय वनस्पतियां और कीचड़ बहकर तटों के किनारे एकत्र हो गया है। क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर गंगा का प्रवाह दक्षिण वाहिनी है। इसलिए पश्चिम से आने वाला जल गोकना घाट पर टकराकर दक्षिण को बहता है। जल के साथ आने वाली गंदगी गोकना तट पर एकत्र हो जाती है।



गंगा नदी में पनप रहीं जलीय वनस्पतियां। अमृत विचार

### घाट के किनारे फैली गंदगी से उठ रही दुर्गंध

गंगा नदी में स्नान करके पुण्य लाभ अर्जित करने श्रद्धालुओं के लिए गंगा का दुर्गंध युक्त जल बड़ी समस्या बना हुआ है। हालात यह है कि तट पर स्नान करने से लोग झिझक रहे है। गंगा घाट पर आने वाले स्नानार्थी जलस्तर कम होने के कारण तट से काफी अंदर गहरे जल में जाकर स्नान कर रहे है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### खतरनाक जलीय जंतुओं का बढ़ा खतरा

गोकना गंगा घाट के पास कुछ माह पूर्व मगरमच्छ देखा गया था। यह मगरमच्छ करीब एक घंटे तक गोकना गांव के पास गहरे जल में रुका हुआ था। उसके बाद जल प्रवाह के साथ आगे बढ़ गया था। इस समय गंगा तट का किनारा गंदगी से पटा हुआ है जिससे जलीय जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि स्नानार्थियों को सचेत करके ही गहरे जल में स्नान के लिए जाने की अनुमति दी जा रही है।

## वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार:** सलोन-जगतपुर मार्ग पर मदापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाली क्षेत्र के खमरिया पूरे कुशल निवासी अमित सरोज के साथ वृद्ध शिवबक्स और किशोरी अनामिका जगतपुर से सलोन लौट रहे थे। मदापुर गैस एजेंसी के समीप तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि तीन लोगों को गम्भीर अवस्था में लाया गया था। रामबक्स का पैर में अधिक चोट के के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# साहस की पर्याय थीं झलकारी बाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने वीरांगना झलकारी बाई को अदम्य साहस और वीरता का पर्याय बताया। इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने 22 नवंबर व 5 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग भी की।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि झलकारी बाई ने अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए अपने पति पूरन कोरी के साथ 5 अप्रैल 1858 को वीरगति प्राप्त की थी। उन्होंने मूर्ति परिसर के सुन्दरीकरण का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर सामाजिक चिंतक डॉ. सुनील दत्त ने वीरांगना झलकारी बाई के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी से चार कोस दूर भोजला में हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने हिस्सा लिया था। संचालन वीरांगना झलकारी बाई कल्याण एवं विकास परिषद के अध्यक्ष राम सजीवन धीमान ने किया। इस अवसर पर परिषद के महासचिव गुप्तार वर्मा, समाजसेवी पेरियार वंश बहादुर यादव, विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष राजेश कुरील, इंजीनियर एस.के. आर्या एवं रामशरण चौधरी आदि लोगों ने वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरोज अनिल कुमार, श्यामलाल, राकेश कुमार, मनीष कुमार, अमरनाथ, राजाराम विद्यार्थी, जागेश्वर दिवाकर, सूर्यकांत, राजेश राज, डॉ. शिव बहादुर, शिवनारायण सोनकर, राजेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, रामकुमार, मदनलाल, अंबिका प्रसाद, श्री राम, विनोद कुमार वर्मा, विद्यासागर, अमित कुमार, सत्यम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों ने किया होलिका दहन स्थल पर कब्जा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** गांव के होलिका दहन स्थल पर कब्जा करके भवन निर्माण किया जा रहा है। इससे पास से निकलने वाला सार्वजनिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गया है। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। मामला क्षेत्र के गांव गोपालपुर उधवन का है। ग्राम पंचायत के राजस्व गांव मनिरामपुर के गाटा संख्या 216 पर होलिका दहन स्थल है। इसी भूमि से रास्ता है। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार पटेल का कहना है कि इस भूमि पर गांव का एक व्यक्ति जबरन कब्जा करके भवन निर्माण कर रहा है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## बहन की हत्या का आरोप एसपी से लगाई गुहार

**रायबरेली, अमृत विचार :** थाने में चौकीदारी करने वाले युवक ने बहन की मौत की जांच के लिए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। बीते दिनों गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की मौत हो गयी थी। परिजनों ने हत्या और ससुरालवालों ने आत्महत्या बताया था। भाई का आरोप है कि उसकी बहन की पति और अन्य ससुरालीजनों ने मिलकर हत्या कर दी है। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के किलोली निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसकी बहन अनीता की शादी हो चुकी थी। उसे खबर मिली कि उसकी बहन ने फंदा लगाकर जान दे दी है।

# गड्ढों में तब्दील हुआ ओवरब्रिज का मार्ग

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार:** कस्बे के बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य चौराहे पर बने ओवरब्रिज की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है। ओवरब्रिज पर लगायी गयी स्ट्रीट लाइटें भी गायब हो गयी हैं।

2011 में ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू हुआ। शशि शुक्ला, व्यापारी मनोज मिश्रा, प्रवेश वर्मा, सौरमंडल शुक्ला सहित कस्बे के अन्य लोगों ने बताया कि गड्ढा युक्त ओवरब्रिज की सड़क पर आए दिन दोपहिया चालक गिरकर चोटिल होते रहते हैं । वहीं ब्रिज पर गड्ढे होने से ब्रिज के बीम में पड़े लोहे के एंगल बाहर निकल आए। इनसे आए दिन भारी व हल्के वाहनों के टायर फटते रहते हैं। लगभग तीन वर्षों से ओवरब्रिज की सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील थी। उसके बाद सेतु निगम द्वारा डामरीकरण करा दिया गया था। लेकिन महज कुछ ही दिनों में दोबारा जस का तस ओवरब्रिज फिर हो चुका है। जो किसी बड़ी दुर्घटना को दावत देते नजर आ रहा हैं। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से सड़क के नवीनीकरण को लेकर आवाज उठाई गई। परंतु अभी तक कोई पहल नहीं की गई। ओवर ब्रिज के रखरखाव को लेकर विभागीय अधिकारी उदासीन हैं। भारी वाहनों के गुजरने के साथ ही धूल के गुबार उठने लगते हैं।

# कंडा पाथने वाली मशीन में लग रही जंक

राही, रायबरेली

**अमृत विचार :** तमाम जतन के बाद भी गौशाला में लायी गयी कंडा पाथने की मशीन में जंक लग रहा है लेकिन जिम्मेदार इसे लेकर गंभीर नहीं है।

क्षेत्र में बृहद गौशाला बेलाखारा, बेलाभेला, लोधवारी, कनोली, राही सहित कुल छह गौशालाएं हैं। जिनमें तकरीबन दो हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। तकरीबन दो साल पहले लाखों की लागत से कंडा बनाने की मशीन गौशालाओं में खरीदी गई। इसका उद्देश्य था कि संरक्षित गोवंश से उपलब्ध गोबर से कंडे बना कर उसे बाजार में बेच कर गौशाला की आय में बढ़ोतरी करना था लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से नतीजा सिफर रहा। शुरुआत में जिम्मेदारों ने मशीन को लेकर खूब ढिंढोरा पीटा। बाद में फिर उससे मुंह मोड़ लिया। नतीजा रहा कि दो साल में शायद ही एक या दो दिन मशीन से कंडे बनाए गए। जब मशीन की पड़ताल की गई तो उसमें जंक लग रहा है और धूल की परत जम गयी है।




गौशाला में रखी कंडा बनाने की मशीन। अमृत विचार

बेलाखारा और लोधवारी सहित अन्य गौशालाओं में रखी मशीनों का भी कमोबेश यही हाल है। एडीओ, आईएसबी दिनेश चन्द्र का कहना है कि बात संज्ञान में है। जांच कर समस्या का निदान किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं, ईशानी मौर्या पुत्री अमिताभ मौर्या निवासी ग्राम बिनारसी, पो. चुड़ियाला, तहसील-भगवानपुर जिला हरिद्वार सूचित करती हूं कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी में मेरा नाम त्रुटिवश आकांक्षा मौर्या लिख गया है जबकि सही नाम ईशानी मौर्या है। अत: मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.- 4205814L, निवासिनी- मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

**NOTICE**
I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

**सूचना**
सूचित करता हूँ कि मैं **बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी-सब्जी, बबुरा पोस्ट-बीजेमऊ, परगना-सरेनी, तहसील-लालगंज जिला रायबरेली** मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अत: मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

**सूचना**
**आवश्यकता**
अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।
संपर्क करें- 9129959499
साल में लाखों कमाएं

**सूचना**
सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी- ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना-नवाबगंज, पो0-धन्नी जिला-बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम **राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट -ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना-नवाबगंज, पो0-धन्नी जिला-बहराइच, उ0प्र0** के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बलिदान दिवस पर याद की गयीं झलकारीबाई

**मुंशीगंज, अमेठी, अमृत विचार :** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई के 166वें बलिदान दिवस के अवसर पर अम्बेडकर मार्केट मुंशीगंज में स्थित झलकारी बाई की प्रतिमा पर सर्वसमाज के लोगों ने माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी भी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील के साथ हुई। बौद्धाचार्य दयाराम ने सामूहिक त्रिसरण पंचशील कराया।

### ग्रामीणों पर महिला को पीटने का अरोप

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** सलेथू निवासिनी रामपति को रंजिश के चलते गांव के ही विपक्षी धीरज कुमार ,अवधेश कुमार व सरवन ने लाठी-डंडों से पीटा। लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### कार की टक्कर से तीन लोग हुए घायल

**रायबरेली, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल स्कूल जा रहे दो बच्चों को टक्कर मारने के बाद साइकिल सवार को रौंद दिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना भदोखर के अंतर्गत दूलागंज गांव के पास की है। कार सूरज (14), दिव्यांशी (18) को टक्कर मारने के बाद साइकिल सवार बृजलाल (40) को टक्कर मार दी। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

# रोजेदारों ने अकीदत से अदा की अलविदा जुमे की नमाज

## मुल्क में अमन-चैन की मांगी गयी दुआ, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

रायबरेली

**अमृत विचार:** जिले में अलविदा जुमे की नमाज अकीदत से अदा की गयी। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज सम्पन्न कराने को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सीओ सदर अमित सिंह सहित शहर कोतवाल भी मस्जिदो में जाकर भ्रमण करते रहे।

शहर स्थित शिया जामा मस्जिद गुलाब रोड पर आज अलविदा जुमा की नमाज़ मौलाना शहवार काज़मी साहब ने पढ़ाई। मुल्क में अमन-चैन की दुआ की गई। थुलेडी स्थित मस्जिद, बछरावां की मस्जिद, राजामऊ की मस्जिद एवं क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में नमाज के समय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार



जहानाबाद के पास मस्जिद के बाहर खड़े पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## विभिन्न मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

**परशदेपुर, अमृत विचार:** रमजान के आखिरी जुमे पर कस्बे की सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। मस्जिद-ए-अली में मौलाना मोहम्मद इस्लाम नदवी, नूरानी मस्जिद में मौलाना मोहम्मद जैद, जुमा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद यूनुस, रहमानी मस्जिद में मौलाना मोहम्मद तौकीर ने नमाज़ अदा कराई। सुरक्षा की दृष्टि से उपजिलाधिकारी सलोन अभिषेक वर्मा, डीह थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज, चौकी प्रभारी मोहित कुमार मौजूद रहे।

# जिला कांग्रेस ने किया बड़ा फेरबदल

**कार्यकारिणी घोषित**

● पार्टी ने युवा नेताओं पर जताया भरोसा

अमेठी

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनिल यादव ने लोकसभा चुनाव के पहले अमेठी जिला कांग्रेस को नये सिरे से संगठित किया है। इसमें युवाओं पर भरोसा जताया गया है। अमेठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

### इन्हें मिली नई जिम्मेदारी

कोषाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ उर्फ छोटू, पार्टी प्रवक्ता अनिल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, परमानंद मिश्रा, तुलसीराम पासी, मो. मतीन अहमद, रामदत्त यादव, राजकुमार यादव, महासचिव धर्मराज, सुनील सिंह, सदाशिव यादव, सर्वेश सिंह, राकेश मिश्रा, शकील इदरीसी, राजू पंडित, सचिव मो. ताहिर फारूकी, अरुण मिश्रा, राजीव लोचन तिवारी, कुलवंत सिंह, अमरेश सिंह, अजहरूल हक, इंद्र प्रसाद श्रीमाली, सुशील श्रीवास्तव, त्रिभुवन भारती, कमलेश अग्निहोत्री, राम प्रसाद गुप्ता, सफीकुल हसन लड्डन, जावेद फारूक, रिफाकत रसूल, सतीश सिंह, मो. अशफाक, सुरेश श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, अयाज अहमद चंदा, नंद कुमार यादव, अशोक शुक्ला, दीपक आर्य, बलिराम वर्मा, संजय यादव,सूर्यभान सिंह, आयुष त्रिपाठी, अनुराग सिंह, राजू द्विवेदी, जितेंद्र बहादुर सिंह, आनंद यादव, मैंकूलाल पासी, एसपी सिंह को जिम्मेदारी पार्टी ने सौपी है। संग्रामपुर ब्लाक अध्यक्ष बलिराम वर्मा को कमेटी में सचिव व नए ब्लॉक अध्यक्ष हीरामणि कनौजिया को नियुक्त किया गया है।

### तीन जिलों में फैला हुआ है अमेठी संसदीय क्षेत्र

**अमेठी।** अमेठी संसदीय क्षेत्र तीन जनपदों में फैला हुआ है। अमेठी, सुल्तानपुर और रायबरेली जिले के गांव अमेठी में शामिल हैं। सभी थाना क्षेत्रों में मुख्य बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान फ्लैग मार्च कर रहे हैं। गुरुवार की शाम तक संसदीय क्षेत्र की पांच तहसीलों में 20 हजार से अधिक लोगों को पाबंद किया जा चुका है। अमेठी तहसील के अन्तर्गत पांच थाना क्षेत्रों में ढाई हजार से अधिक लोग पाबंद किए जा चुके हैं। कोतवाली अमेठी के अन्तर्गत रायपुर फुलवारी में 125 से अधिक लोग पाबंद किए गए हैं। चालानी रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम कोर्ट से लोगों को पाबंद किया जा रहा है। 20 मई को चुनाव के लिए इस बार तहसील मुख्यालयों के साथ सभी ब्लाक मुख्यालयों पर भी कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। गुरुवार को बीडीओ विनय कुमार वर्मा और इन्द्रावती वर्मा ने कंट्रोल रूम के लिए तीन शिफ्ट में ड्यूटी के लिए कर्मचारियों को नामित किया।

## पशुशाला का ताला तोड़कर चोर वाहन में लाद ले गए 10 बकरियां

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार:** पशुशाला का ताला तोड़कर गुरुवार की रात चोर 10 बकरियां उठा ले गए। मामले की जानकारी शुक्रवार की सुबह हुई। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। अरखा निवासिनी अमीना पशु पालन करके जीविका चलाती है। उसने घर के बाहर मवेशी खाना बना रखा है, जिसमें वह बकरियां बांधती है। मवेशी खाना में ताला बंद था। गुरुवार की रात चोर पहुंचे और मवेशी खाना का ताला तोड़कर चार बड़े बकरे और छह बकरियां वाहन पर लाद ले गए। महिला शुक्रवार की सुबह सोकर उठी तो घटना की जानकारी हुई। उसके बाद कोतवाली पहुंची महिला ने मामले की तहरीर दी है।

### लव जिहाद के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सतांव रायबरेली अमृत विचार :** मथुरा की रहने वाली पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई थी कि डलमऊ क्षेत्र निवासी अंसार अली ने धर्म छिपाकर फेसबुक के माध्यम से उससे दोस्ती की और शारीरिक सम्बन्ध बनाये। अंसार अश्लील वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन करने हेतु ब्लैकमेल करने लगा। एसपी के निर्देश पर गुरुबक्शगंज थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने क्षेत्र के दाऊदपुर रामनगर के समीप से अंसार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# आज धूमधाम से मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

लालगंज रायबरेली

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को लालगंज के एक उत्सवलान में विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला की अध्यक्षता में लालगंज सरेनी, गेगासो, बेनी माधवगंज और डलमऊ मंडल की बैठक हुई। प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी का स्थापना दिवस मनाना गौरव बात है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी , भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, अनूप पांडे ,हरिशंकर पांडे,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा ,महेंद्र पटेल, जगन्नाथ पांडे ,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### बूथों पर भी होगा आयोजन

**खीरों,अमृत विचार :** विधानसभा हरचंदपुर के अंतर्गत आने वाले सभी भारतीय जनता पार्टी के मंडल के शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक भीतरगांव के आनंदी देवी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री और लोकसभा प्रभारी रायबरेली वीरेंद्र तिवारी रहे। उनके साथ विधानसभा संयोजक जन्मेजय सिंह व सभी मंडलों के उपस्थित उपस्थित थे। बैठक में 6 अप्रैल को स्थापना दिवस सभी बूथों पर धूमधाम से मनाए जाने के संदर्भ में चर्चा हुई।

## बिना पंजीकरण संचालित हो रहे नर्सिंग होम

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार:** क्षेत्र के कई निजी नर्सिंग होम व निजी अस्पताल मानकों की अनदेखी कर संचालित किये जा रहे हैं। जिहवा मोड पर पिछले दो वर्षों से बिना पंजीकरण संचालित एक अस्पताल मरीजों के लिए लूट का अड्डा साबित हो रहा है। अस्पताल को मानकों को ताक पर रखकर संचालित किया जा रहा है। मामूली सर्जरी के नाम पर लाख-डेढ़ लाख की वसूली के चर्चे पूरे क्षेत्र में हैं। बायो वेस्ट मटेरियलएनओसी होने के बाद ही स्वास्थ्य विभाग से पंजीकरण होने पर नर्सिंग होम खोलने की अनुमति होती है। किन्तु इन हास्पिटलों के पास न ही मानक हैं और न ही डाक्टरों का पैनल। सीएचसी अधीक्षक पीके श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे अवैध अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने अलविदा की नमाज पर परखी सुरक्षा



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार :** शुक्रवार को अलविदा की नमाज पर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने जगदीशपुर में सुरक्षा का जायजा लिया। जुमा की नमाज के दृष्टिगत ड्यूटी पर तैनात किये गये पुलिसकर्मियों की उपस्थिति जांची। मस्जिदों के इमाम व मौलाना से वार्ता कर शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिल-जुलकर त्योहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। जगदीशपुर स्थित ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया व सीओ अतुल कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं जमातुलविदा की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता व एएसपी हरेंद्र सिंह ने जायस के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

## निषादराज व महर्षि कश्यप की जयंती मनी

**रायबरेली, अमृत विचार :** सपा कार्यालय सुपर मार्केट में महाराजा निषाद राज गुह्य एवं महर्षि कश्यप की जयंती जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में मनायी गयी।

उन्होंने कहा कि महाराजा निषाद राज गुह्य श्रंगवेद प्रयागराज के राजा थे। वह सदैव अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध लड़ते रहे। महर्षि कश्यप एक वैदिक ऋषि थे उनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती है। विश्वास द्विवेदी एडवोकेट को समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव का मनोनयन पत्र भी जिलाध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में अरशद खान, आरपी यादव, लक्ष्मण निषाद, ओपी यादव, मुशीर अहमद, शिवनारायण सोनकर, राजेन्द्र यादव, दिनेश यादव, सुरतीज सिंह, शिवबरन यादव, रंजीत यादव, योगेश्वर पटेल, शुभम लोहिया, हिमांशू यादव, सौरभ आदि थे।

## सार-संक्षेप

### महिला सत्संग का किया गया आयोजन

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महिला सत्संग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महात्मा माया ने की। उन्होंने कहा कि संतों-महापुरुषों ने प्रेम को आधार बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा दी है। आज भी यही संदेश दिया जा रहा है कि मन में हर एक के लिए प्रेम, करुणा, दया रखनी चाहिए। इस मौके पर उषा, वंदना, पूनम, लक्ष्मी, साधना, बबीता, रेखा पांडे, मीरा दीक्षित, कर्मावती, गुड्डी आदि मौजूद रहीं।

### पुलिस ने तमंचा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार :** पलिस ने दो शातिरों को तमंचा-कारतूस एवं बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। अंकित राणा व विजेन्द्र कुमार को गौरा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर बाइक सीज कर दी गयी है।

### मारपीट के मामले में सात पर केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** थुलवासा चौकी क्षेत्र के एक गांव में युवकों द्वारा अभद्रता व मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एसटी एससी एक्ट व छेड़छाड़ की धाराओं सहित तीन पर व दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही की गई है। सचिन मिश्रा कुटी मजरे थुलवासा गांव के पिंटू के घर गया था। पिंटू का आरोप है कि सचिन मिश्रा नशे की हालत में उसके घर में अभद्रता की है। मना करने पर गली गलौज व मारपीट करने लगा । सूचना पर पहुंची पुलिस से भी सचिन मिश्रा ने अभद्रता की है। मामले में कोतवाली पुलिस ने पिंटू की तहरीर पर सचिन मिश्रा, शिवा व राकेश कुमार सहित तीन लोगों पर छेड़छाड़ सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं सचिन मिश्रा की तहरीर पर संतलाल, मुकेश, पेंटर व सोनी पुत्री राम कुमार के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



छात्र-छात्राओं को आग बुझाना सिखाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार :** फायर स्टेशन की ओर से शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा जनजागरूकता प्रशिक्षण के तहत अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने शिव प्रताप इंटर कॉलेज, रानी सुषमा देवी महिला पीजी महाविद्यालय व रणवीर रणंजय पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आग लगने के कारणों काबू करने के उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

### भागवत कथा के विश्राम दिवस पर हुई पूर्णाहुति



नेमुआ हरखपुर में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार :** वार्ड नं 14 नेमुआ हरखपुर में अशोक सिंह व विजय पाल सिंह के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर शुक्रवार को कथा व्यास पंडित राधेश्याम शास्त्री ने बताया कि पत्नी को अच्छा बनाना पति का कार्य है। विश्राम दिवस पर पूर्णाहुति की गयी। शुक्रवार को सात दिवसीय कथा का विश्राम हुआ। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त पूर्व राज्यमंत्री जंगबहादुर सिंह, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी, सरला त्रिपाठी, डॉ. कृष्णालाल, नरसिंह बहादुर सिंह, अमरनाथ सिंह व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा



एसपी के साथ गौशाला का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने अस्थायी गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृतव विचार :** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने शुक्रवार को विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत अस्थाई गो आश्रय स्थल लोशनपुर बगाही का निरीक्षण किया। डीएम ने गोवंशों को हरा चारा दिए जाने के संबंध में जानकारी ली तथा जिन गोवंशो की ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुई है। उनकी ईयर टैगिंग कराने एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल के निर्देश दिए।

# अपर सदस्य ने आरेडिका का किया दौरा



आरेडिका में फोर्ज्ड व्हील प्लांट का निरीक्षण करते रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज। अमृत विचार

लालगंज रायबरेली

**अमृत विचार:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट का शुक्रवार को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। पंकज ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों की निर्माण तकनीक का निरीक्षण किया। आरेडिका के व्हील निर्माण से एक ओर फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी।

आरसीएफ मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कर्मचारियों के हित को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई विवेक खरे, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल वदूद, सीडीई डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता खुद लड़ती है कांग्रेस का चुनाव

**रायबरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई। बैठक में एआईसीसी कोआर्डिनेटर इन्दल कुमार रावत ने कहा कि यहां की जनता से गांधी परिवार का मजबूत रिश्ता है। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पराजित होगी। कांगेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस का चुनाव विपक्षी दल से जनता स्वयं लड़ती है। कामता नाथ गौड़, अवधेष चौधरी, भगवानदीन फौजी, दल बहादुर सिंह, शम्भूषरण पाल, ज्योति प्रसाद पासी, अरूण कुमार यादव, प्रियंका देवी, प्रमोद कुमार बाजपेयी, राजेष कनौजिया, अंकुर जायसवाल, विनोद गुप्ता, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, मोहित मौर्या, आयुष द्विवेदी, सुरेश पासी, ओम प्रकाश पाल आदि मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय में नहीं बढ़ रही छात्रों की संख्या

**भादर, अमेठी, अमृत विचार :** नये शिक्षा सत्र में नामांकन बढ़ाने और स्कूलों से गैर हाजिर रहे बच्चों की उपस्थिति ठीक करने के लिए शिक्षक गांवो में अभिभावकों के साथ सम्पर्क कर रहे हैं। कक्षा एक और कक्षा छ में प्रतिदिन हो रहे नये नामांकनों की रिपोर्ट ब्लाक संसाधन केन्द्रों के माध्यम से प्रतिदिन बीएसए को भेजी जा रही है। शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हुआ है। बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। विजय प्रताप यादव और दिनेश कुमार ने बताया कि अभिभावक सम्पर्क के दौरान कई बच्चों के मां बाप खेत में मिले, बच्चे खेलते मिले। बीईओ ने वर्चुअल मीटिंग करके संकुल शिक्षकों से नामांकन की प्रगति की जानकारी ली।

### नहीं बंटीं नई किताबें

**भेंटुआ, अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों में अभी तक नई निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण नहीं हुआ है। बच्चे पुरानी पुस्तकों से पढ़ाई कर रहे है। विकास खंड के सभी विद्यालयों में नये नामांकन शुरू हो गये हैं।

### बुलडोजर से ढहाया गया अवैध निर्माण

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर टोढ़ी में उपजिलाधिकारी सलोन के आदेश पर शुक्रवार को अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला कर ढहा दिया गया। गांव में खलिहान के लिए आरक्षित जमीन गाटा संख्या 516 पर कुछ लोग अवैध कब्जा करके निर्माण करवा रहे थे। इसकी शिकायत गांव के ही छोटेलाल पासी ने डीएम हर्षिता माथुर से की थी।

**नुकसान** | बरना मुबारकपुर में शार्ट सर्किट से हुई घटना

# खेत में आग से गेहूं की फसल जली

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार:** शुक्रवार की दोपहर करीब में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग से खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। जिससे किसानों की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की सहायता से आग को काबू में किया।

मुताबिक क्षेत्र बरना मुबारकपुर गांव के सिवान में दोपहर करीब के करीब में खेतो में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। फायरब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक राम दास, राम सरन, हनुमान, सरन, देव प्रकाश निवासी गण मुबारकपुर तथा राम सेवक जग्गा व सूरत निवासीगण टिकरा और श्याम लाल सोनू , संजय, संदीप, पंकज एवं महेश के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल राख हो गई। राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।



गेंहू के खेत मे लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित बने अमेठी के प्रभारी

**अमेठी, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जीत रिपीट करने के लिए भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन पूरे फार्म में हैं। प्रयागराज विवि छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्र को अमेठी का प्रभारी बनाया गया है। डॉ. रोहित मिश्र ने शुक्रवार को भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा के साथ मंडल इकाइयों के पदाधिकारियों की बैठक और जन संपर्क किया। डा. रोहित मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास, सेवा और जनकल्याण की राजनीति के एक नये युग का सूत्रपात किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति ऐसे दो बड़े काम हैं, जिन्हें जनता असम्भव समझती थी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा ने कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री के संदेश को साकार करने के लिए युवा मोर्चा ने वन बूथ, फिफ्टीन यूथ की टीम तैयार की है। डबल इंजन की सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में युवाओं के लिए रोजगार के नये सेक्टर विकसित किए हैं, पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में स्मृति ईरानी ने अमेठी में विकास की गंगा बहाई है। इस दौरान रघुराज प्रताप सिंह, आशीष श्रीवास्तव, शिवम् मिश्रा, सोनू तिवारी, कौशल दूबे, अनिरुद्ध तिवारी, अनादि, लक्ष्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने चकबंदी का किया विरोध

**रायबरेली, अमृत विचार :** गुरुवार को हरचन्द्पुर क्षेत्र के ग्राम सभा शोभापुर में खुली बैठक में सर्व सम्मति से गांव में चकबंदी न कराने का प्रस्ताव किया गया है। डीएम कार्यलय में जाकर कमेटी ने चकबंदी के विरोध में अपनी लिखित शिकायत दी है। इसमें गुरुवार को बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर प्रधान सवित्री सिंह की अध्यक्षता में बैठक की कार्रवाई शुरू की गई थी। ग्राम प्रधान व कमेटी के सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन देकर वताया है कि हमारे गांव में नाली, चकरोड,आगनबाड़ी, खलिहान, घूर गढढे, तालाब व चारागाह आदि पर्याप्त जगह है। ग्राम सभा के कृषकों व चकबंदी कमेटी के सदस्यों में चकबंदी होने से बड़ा आक्रोश है।

## एक नजर

### चोरी की फिराक में घर में चढ़ रहे चोर आहट पाकर भागे

**मल्लावां, हरदोई।** गोसवा गांव में एक घर में चोरों ने छत पर चढ़कर चोरी की फिराक में थे तभी घर के लोगों के जग जाने पर शोर शराबा सुनकर चोर भाग निकले। चोरों को लेकर गांव के लोग सतर्क बने हुए है। गुरुवार की रात में गोसवा गांव निवासी अर्जुन लाल के घर की बाउंड्री वाल पर चढ़कर चोरी करने की फिराक में थे। इस बीच घर के लोग शोर शरावा सुनकर बाहर आ गए उन्हें देख दोनों चोर भाग निकले। बांसा और तेंदुआ गांव में लाखों की चोरियों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव के लोग रात जागकर घरों की रखवाली करने पर विवश हैं, लेकिन अभी तक चोरियों का खुलासा नहीं हो सका है।

### कच्ची शराब बरामद, पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार

**मल्लावां, हरदोई।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 90 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पांच लोगों गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की। मल्लावां पुलिस ने उन्नाव जनपद के गंज मुरादाबाद कस्बा के जोगियान मोहल्ला निवासी उम्मेद अली के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब तथा मोहल्ला गढ़ी चौकी गंजमुरादाबाद जनपद उन्नाव निवासी प्रमोद के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब, मल्लावां कस्बे के मोहल्ला मिर्जापुर निवासी जितेंद्र प्रजापति के पास से 20 लीटर, मोहब्बतपुर मल्लावां निवासी अरुण कुमार के पास से 20 लीटर व विराइचमऊ निवासी छोटक्के उर्फ छोटे के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**मल्लावां, हरदोई।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मल्लावां के तेंदुआ गांव के पास बुलेट सवार 25 वर्षीय दीपू यादव, शेर सिंह निवासी दारूकुइयां को एक कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दीपू घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में सीएचसी मल्लावां लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना राघौपुर रोड पर गंगा एक्सप्रेस वे के पुल के नीचे गड्ढे में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से मगरहा गांव निवासी 21 वर्षीय पवन गंभीर घायल हो गया।

# अनुपस्थित कार्मिकों पर होगी रिपोर्ट

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रशिक्षण को लेकर दी चेतावनी

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया में लगे हुए विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी ईआरओ को निर्देशित किया कि इपिक वितरण के कार्य में तेजी लाई जाए। वितरण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाये। इपिक वितरण का व्यवस्थित ब्यौरा रखा जाये। वितरण में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। ईआरओ गोपामऊ को इपिक का व्यवस्थित विवरण न प्रस्तुत करने पर कड़ी नाराजगी जताई। सभी एईआरओ को निर्देशित किया कि ईआरओ के निर्देशानुसार अपने चुनावी दायित्वों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को मतदाता सूचना पर्ची की प्रिंटिंग की सभी व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। चुनाव ड्यूटी आदेश वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ड्यूटी आदेश का पूर्ण वितरण सुनिश्चित किया जाये। आदेश की पावती प्राप्त की जाये। उन्होंने कहा कि आठ अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले मतदान कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण स्थल जीडीसी में टेन्ट व जेनरेटर आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर ली जाये। पेयजल व प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। स्थल पर इस प्रकार की व्यवस्था की जाये कि कार्मिकों को अपने बैठने के स्थान को ढूंढ़ने में आसानी हो। प्रशिक्षण सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक कक्ष में 15 मिनट का पृथक से शंका समाधान सत्र चलाया जाये। प्रशिक्षण स्थल के बाहर सीटिंग व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। प्रशिक्षण अवधि के दौरान एक हेल्थ कैम्प लगवाया जाये। इस कैम्प में पर्याप्त संख्या में मेडिकल स्टॉफ की तैनाती की जाये। हेल्प डेस्क की स्थापना की जाये। मतदान केन्द्रो में साफ-सफाई व शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बूथों पर मतदान कार्मिकों व ईवीएम रखने के लिए पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था की जाये। पेंटिंग आदि करायी जाये। मतदान के एक दिन पूर्व मतदान केन्द्रो के आस-पास फॉगिंग व एंटी लार्वा के छिड़काव की व्यवस्था की जाये। बैलेट पेपर की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में ससमय बैलेट पेपर की छपाई सुनिश्चित की जाये। बॉक्सों की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाये। बैलेट पेपर की ढुलाई हेतु वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश उन्होंने एआरटीओ को दिए। ढुलाई के दौरान सुरक्षा की उचित व्यवस्था की जाये। सी विजिल ऐप की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने कर्मचारियों को सी विजिल ऐप डाऊनलोड करें। आमजन के मध्य सी विजिल ऐप का व्यापक प्रचार किया जाये। सभी सरकारी वाहनों पर स्वीप का स्टीकर लगवाया जाये। ग्राम प्रधानों को भी इसके लिए प्रेरित किया जाये। सभी पेट्रोल पम्पों पर मतदाता जागरूकता की होर्डिंग लगवाई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

### मतदान के लिए कार्मिकों की बंटने लगी ड्यूटी

लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटियां बंटनी शुरू हो गई। शुक्रवार को तमाम कर्मचारी तक उनकी ड्यूटियां पहुंच गईं। ड्यूटी लेने के लिए तमाम विभागों के जिम्मेदार पहुंचे। उन्होंने ड्यूटियां लेकर अधीनस्थों तक पहुंचा दीं। ड्यूटियां मिलते ही कर्मचारियों ने प्रशिक्षण व चुनाव के लिए कमर कस ली है।



दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते डीएम और सीडीओ। अमृत विचार

# दिव्यांग मतदाता सभी के प्रेरणा स्रोत

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को आईटीआई सभागार में दिव्यांग मतदाता सम्मलेन का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने तीन दिव्यांग मतदाताओं से दीप प्रज्ज्वलित कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाता सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और सभी लोग 13 मई को वोट जरूर दें। कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये गए हैं जो उन्हें सशक्तिकरण का अहसास कराएगा और जनपद में वोटर लिस्ट में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है एवं जिस मतदाता का नाम अभी भी छूट गया है वे 15 अप्रैल तक आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम बढ़वा सकते हैं। कहा कि सभी लोग अपने मोबाइल ऐप में निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण ऐप डाउनलोड कर लें। सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लें और जनपद को शीर्ष मतदान वाले जनपदों में लेकर आएं। स्वयं भी मतदान कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि निर्वाचन आयोग दिव्यांग मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। जनपद में दिव्यांग मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में सम्मिलित किये गए हैं। मतदान केन्द्रों पर न आ पाने वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर पर वोटिंग की सुविधा दी गयी है। बूथों पर भी रैम्प, व्हील चेयर, दिव्यांग शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सक्षम ऐप के बारे में दिव्यांग मतदाताओं को बताया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी क्यूआर कोड के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। सी विजिल ऐप पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते है। उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर ने कहा कि 13 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपने योगदान पर गर्व करें। दिव्यांग जन समाज को अच्छी तरह से मतदान हेतु प्रेरित कर सकते हैं।

### स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य करें मतदान : एसडीएम

**हरदोई।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पदयात्रा रैली एवं बाइक रैली आयोजित की गई। उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार मिश्रा, नोडल अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनोद सोलंकी, नगर शिक्षा अधिकारी छोटे लाल, एसडीपीओ के साथ मिलकर यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विभिन्न चौराहों से होते हुए नगर पालिका कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर ईओ ने उपस्थित लोगों से कहा कि जनपद का मान बढ़ाने एवं एक स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान अवश्य करें।



रैली की अगुवाई करते एसडीएम सदर सुनील कुमार मिश्रा। अमृत विचार

### पुलिस अधीक्षक ने दो कॉलेजों में परखीं मतदान की तैयारियां

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा के जवानों के ठहरने को लेकर दो कॉलेजों का पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने निरीक्षण कर साफ सफाई, पानी और बिजली आदि की व्यवस्था परखी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने बीएन इंटर कॉलेज भगवन्तनगर और दिव्य कृपाल पीजी कॉलेज गोसवा में बिजली पंखे, पानी और साफ -सफाई और टॉलेट आदि का निरिक्षण किया। ऐसे में उन्होंने बताया कि लोक सभा चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए सीआरपीएफ, पीएससी और होमगार्ड के जवान कोतवाली अंतर्गत अलग -अलग बूथों में ड्यूटी के लिए आएगे। जो विद्यालय चिन्हित है वहाँ उनके ठहरने का प्रबंध किया गया। वहां उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो उसको लेकर प्रभारी निरिक्षक निर्भय सिंह को व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

# अधिकारियों ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को एसडीएम शाहाबाद पूनम भास्कर और सीओ हरपालपुर रवि प्रकाश सिंह ने लोनार कोतवाली क्षेत्र में स्थित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष को व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए।

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है। संवेदनशनील और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया जा रहा हैं। शुक्रवार को लोनार कोतवाली इलाके के गांव सकरौली, नस्योली डामर, नस्योली गोपाल आदि में एसडीएम और सीओ ने मतदेय स्थल का जायजा लिया।

एसडीम और सीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने वाला है। ऐसे में सभी लोग पुलिस का सहयोग करें। साथ ही अफवाह को लेकर सावधान रहें। यदि कोई अफवाह फैलाता है तो उसके बारे में तत्काल पुलिस को सूचना दें। अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी आपराधिक गतिविधि के बारे में पुलिस को जानकारी दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



बूथ का निरीक्षण करती एसडीएम पूनम भास्कर। अमृत विचार

# बच्चों को लेकर मायके गई पत्नी, पति ने की आत्महत्या

हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी बच्चों को साथ ले कर एक महीने से मायके में रह रही थी। इधर उसका पति बच्चों के बगैर बेचैन रहने लगा। वह कई बार उसे विदा कराने गया, लेकिन पत्नी नहीं आई। शुक्रवार को उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

गुरुवार की रात को बघौली थाने के गोपार निवासी 24 वर्षीय विमलेश ने गुरुवार की रात में अपने कमरें में गमछें से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में पूछताछ की। उसे बताया गया कि करीब 7 साल पहले विमलेश की शादी हुई थी। उसकी पत्नी मुस्कान एक महीने से इकलौते बेटे और दोनों बेटियों को लेकर मायके में रह रही है। कई बार कहने के बाद भी पत्नी वापस लौटने को तैयार नहीं थी।

# प्रसव के बाद बिगड़ी हालत प्रसूता की मौत, लगा आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** निजी हास्पिटल में ऑपरेशन से प्रसव के बाद घर पहुंची प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसी बीच उसकी इलाज से पहले ही मौत हो गई। उसके भाई ने अपने बहनोई के ऊपर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टड़ियावां थाने के भेलखड़ा निवासी प्रदीप ने 26 मार्च को अपनी 26 वर्षीय पत्नी सोनी को प्रसव पीड़ा के चलतें टड़ियावां के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था। जहां दूसरे दिन ऑपरेशन से उसने बच्ची को जन्म दिया। वहां से 2 अप्रैल को उसकी छुट्टी हो गई। गुरुवार की शाम को सोनी की एका-एक हालत बिगड़ गई। घरवाले उसे इलाज़ के लिए शहर के एक निजी हास्पिटल ले कर पहुंचे, लेकिन वहां इलाज शुरु होता, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

### आरोपी गिरफ्तार, चोरी के रुपये किए गए बरामद

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** लोनार कोतवाली पुलिस ने बावन में चाय की दुकान से चोरी की वारदात करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इस चोर के पास एक तमंचा और चोरी किये गए रुपये बरामद किये है। लोनार कोतवाली इलाके के गांव बावन में बैंक आफ इंडिया के सामने जग्गू की चाय की दुकान है। 3 अप्रैल को दुकान से 8600 रुपये नगद और कुछ सामान चोरी हो गया था। शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बावन निवासी रानू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह इससे पहले भी कई बार चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

# इंचार्ज अध्यापिका के नियमित रूप से न आने से नौनिहालों का शिक्षण प्रभावित

हरदोई

**अमृत विचार।** एक तरफ सरकार स्कूल चलो अभियान के तहत कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए, वहीं सरकारी स्कूलों की दशा में कोई प्रभावी सुधार न होने के कारण गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

विकास खंड कछौना की ग्राम सभा लोन्हारा के ग्राम नैरा में संविलियन विद्यालय स्थित है। जिसमें इंचार्ज अध्यापिका की नियमित रूप से विद्यालय न आने के कारण विद्यालय की दयनीय स्थित है। कागजों में नौनिहालों की संख्या लगभग दो सैकड़ा दर्ज है, लेकिन उपस्थिति बहुत कम रहती है। विद्यालय प्रांगण में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। शौचालय अधूरा पड़ा है। एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से शौचालय भी अनुपयोगी पड़ा है। जिससे नौनिहाल विद्यालय के बाहर शौच जाने को विवश है। मध्यान्ह भोजन के लिए बना एमडीएम शेड की बैठने की बैंचें टूटी पड़ी है। लाखों रुपए की लागत से तैयार एमडीएम शेड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। मध्यान्ह भोजन ज्यादातर चूल्हे पर बनाया जाता है। जबकि सरकार धुआं रहित भोजन बनाने में गुणवत्ता परक के लिए सतत प्रयासरत है। नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद सामग्री झूला राउंडर आदि टूटे-फूटे पड़े हैं। इंचार्ज अध्यापिका के उदासीन रवैया व शिक्षण में गुणवत्ता न होने के कारण अभिवावकों में काफी आक्रोश है।

**सराहनीय** स्वार्थ के बगैर गरीबों की मदद कर रहे समाजसेवी जोगराजसिंह

# एक और गरीब बेटी की शादी को बढ़ाया हाथ

हरदोई

**अमृत विचार।** कहते हैं...टूट जाते हैं वो रिश्ते भी जो खास होते हैं, दुश्मन भी दोस्त बन जाते हैं जब पैसे पास होते हैं... लेकिन करीमनगर, झौनीपुरवा सिमौर, बढ़ैया, अमिरता, जमुही, बहादुर पुरवा और लीला पुरवा के अलावा दर्जनों गांवों में गरीबों के घर का नजारा कुछ और ही बयां कर रहा है। समाजसेवी योगराज सिंह के अमिरता फार्म हाउस पर उपरोक्त कहावत से अलग मानवता और संवेदनशीलता की झलक दिख रही है।

करीमनगर के राजेंद्र ने बेटी की शादी 22 अप्रैल को तय कर रखी है। मदद की उम्मीद के साथ वह गुरुवार को अमिरता फार्म हाउस पहुंचा और एक कोने में कुर्सी पर बैठ गया। कुछ देर बाद वहां पहुंचे जोगराज सिंह से हाथ जोड़कर बेटी पिंकी की शादी में कुछ मदद की मांग की। जोगराज सिंह सारा कुछ समझ गए। उन्होंने राजेंद्र को अपने गले लगा लिया और कहा कि वे चिंता न करें,अब। उसकी बेटी की शादी व स्वयं करेंगे। जोगराज सिंह ने राजेंद्र को उसकी बेटी की शादी के लिए तुरंत ही गेहूं-चावल की व्यवस्था करते हुए कहा कि अगर वह चाहे उनके ही मैरिज हाल भी ही शादी की व्यवस्था हो सकती है। जिसकी सारी व्यवस्था वे स्वयं देखेंगे। जोगराज सिंह के कहते ही राजेंद्र की आंखों में चमक व चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई और जोगराज को दुआएं देते हुए घर चला गया। इससे पहले भी जोगराज इसी तरह से कई गरीब बेटियों की शादी कर चुके हैं।

योगराज सिंह यहां सिर्फ और सिर्फ सुबह से शाम तक गरीबों की मदद करते हुए देखे जाते हैं। क्यों न कोई आर्थिक रूप से या बीमारी से परेशान हो, बेटी की शादी की उलझन हो या आपसी लड़ाई झगड़े का सुलह समझौता। इन सबके बारे में जोगराज सिंह का कहना है कि गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। उनका कहना है कि हर सामर्थ्यवान व्यक्ति को गरीबों और असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। जितना हो सके गरीबों की मदद करें। एक मुट्ठी मदद के बाद उन गरीबों के चेहरों पर दौड़ती खुशी देख जो सुख मिलेगा, उससे बड़ा कोई और सुख नहीं हो सकता।

पिहानी ही नहीं बल्कि आस-पास के ज़िलों मे अपनी अलग पहचान बना चुके जोगराज सिंह का कहना है कि ग़रीब-गुरबों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। ऐसे नेक कार्य करने से दिल में सुकून महसूस होता है। उन्होंने सक्षम लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को असहायों के सहायता के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए।



# पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा सवार आधा दर्जन लोग घायल

हरदोई

**अमृत विचार।** कछौना थाना क्षेत्र में लखनऊ पलिया हाईवे पर ग्राम भीरीघाट मोड पर तेज गति पिकअप डाला ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिसमें आधा दर्जन सवारी घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में भर्ती कराया गया। एक की गंभीर हालत होने पर जिला मुख्यालय रिफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार को ई-रिक्शा से सवारी समसपुर गांव जा रही थी। वही कछौना तरफ से तेज से आ रहे पिकअप ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने इमरजेंसी वाहन 108 को सूचना दी। एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ई-रिक्शा में सवारी नीलम निवासी पनुआ, संदीप निवासी मगठी पुरवा थाना सुरसा, उमा, अजय पाल निवासी समसपुर, शिव शांति सिंह निवासी समसपुर, स्नेहा सिंह निवासी समसपुर आदि घायलों का डॉक्टर की देखरेख में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। वही अजय पाल की हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय रिफर कर दिया गया। लोगों के द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी के चलते व दुर्घटनाओं के चलते लोग घायल व मौत के शिकार हो रहे हैं।




## सार-संक्षेप

### दुकानों पर चाइनीज मांझा मिला तो खैर नहीं : सीओ

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने माझा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ा रूप अपनाते हुए स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि अगर अब दुकानों पर चाइनीज मांझा बिक्री करते हुए पाया गया तो विक्रेताओं की खैर नहीं है। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा अमृत विचार से बातचीत कर रहे थे। चाइनीस मांझा से महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों के कटने की लगातार बढ़ती हुई घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने पतंग विक्रेताओं को कोतवाली में बुलाकर चाइनीज मांझा न बेचने की हिदायत दी थी। बावजूद इसके मांझा विक्रेताओं के कान पर जूं नहीं रेंगी और वह धड़ल्ले से माझा बिक्री करते रहे। परिणाम यह हुआ कि आधा दर्जन से अधिक लोग चाइनीज मांझा से कट कर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसकी सूचनाएं जब क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा को मिली तो उनके तेवर तल्ख हो गए। उन्होंने आनन-फानन में छापेमारी करके कर मांझा विक्रेताओं को पकड़वा लिया। चार मांझा विक्रेता सुमेरचंद ताज खान आफताब और सूरज पुलिस के गिरफ्त में आए। क्षेत्राधिकारी के कड़े तेवरों के बाद अब शहर वासियों को प्रतीत हो रहा है कि शायद चाइनीज मांझा की बिक्री बंद हो जाए। बता दें चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बसंत गुप्ता एडवोकेट की दो उंगलिया कट कर जमीन पर गिर गई थी, शाहाबाद कोतवाली में तैनात महिला सिपाही प्रियंका की नाक पर गहरा जख्म हुआ, इसके अतिरिक्त कटरा मोहल्ले के रहने वाले अमित मिश्रा की चार उंगलियां कटीं , गढ़ी खुर्द के फार्मासिस्ट की ट्रेनिंग कर रहे शिवम कश्यप की गर्दन और हाथ में चोटें आई । मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी लेखराज 50 वर्ष के मुंह और गर्दन पर भयंकर चोट आई।

### 15-15 हजार के तीन इनामी किए गए गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम पुलिस ने चकमा दे कर फरार चल रहे 15-15 हज़ार के तीन ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ बिलग्राम कोतवाली में यूपी गैंगस्टर के तहत केस दर्ज है। कन्नौज हाई-वे के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किए गए उन तीनों के ऊपर 15-15 हज़ार का ईनाम रखि था। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा की टीम ने शुक्रवार को ककराखेड़ा मोड़ को जाने वाले रास्ते पर कन्नौज हाई-वे के पास तीन संदिग्ध युवको को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की पकड़ में आए युवकों में सचिन कुमार व अशोक पुरवा गुरुदास निवासी जरौली शेरपुर और आतिब पुरवा ग़रीब निवासी बिलग्राम कार मोहल्ला सुल्हाड़ा बताए गए है। सचिन कुमार,अशोक और आतिब पुलिस को चकमा दिए हुए फरार चल रहे थे। एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा ने बताया कि यूपी गैंगस्टर एक्ट के अलावा सचिन के ऊपर चोरी, रेप और आर्म्स एक्ट के चार केस पहले से ही दर्ज है। आतिब के ऊपर चोरी व आर्म्स एक्ट के तीन और अशोक के ऊपर चोरी के दो केस दर्ज है।

### कई घरों में लगी आग से हजारों का नुकसान

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** अचानक आग लगने से कई घरों में रखा सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों ने कड़ी मशक्कत कर आग को बुझा लिया। वरना खेतों की तरफ आग पहुंचने पर हजारों बीघा फसल राख हो जाती। थाना क्षेत्र के गांव बेहला में शुक्रवार की दोपहर को अचानक आग लपटें देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। लपटें देख बुझाने दौड़े ग्रामीणों ने आग को काबू कर लिया। आग घनी बस्ती व खेतों के तरह नही पहुंच पाईं, जिसके कम नुकसान हुआ है। ग्रामीण श्यामलाल, संतराम, भन्नू, विनोद, रामू ने बताया कि घर के पास छप्पर से अचनाक आग की लपटें उठने लगीं। जब तक आग को काबू करने का प्रयास किया जाए तब तक मकानों की सहन तक पहुंच गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग को बुझा लिया नही तो खेतों में खड़ी फसलें व मकानों की गृहस्थी स्वाहा हो जाती। गांव के पांच लोगों का घरेलू सामग्री नष्ट हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज विजय नारायण शुक्ला सहित पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। फायर ब्रिगेड की गाड़ी गांव पहुंची तब तक ग्रामीणो ने आग को बुझा लिया।

### कार की टक्कर से किशोर की मौत, शव रखकर हंगामा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद-पिहानी रोड पर अयारी गांव के पास एक तेज़ रफ्तार कार ने 10 वर्षीय किशोर को ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कार लेकर फरार हो गया। किशोर की इस तरह हुई मौत से गुस्साए लोगों ने उसका शव वहीं सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने बमुश्किल जाम हटवाया। मझिला थाने के अहेमी निवासी सोनू का 10 वर्षीय पुत्र लकी शुक्रवार की दोपहर अयारी गांव आया हुआ था,उसी बीच एक तेज़ रफ़्तार कार ने उसे ऐसी टक्कर मारी कि किशोर की वहीं पर मौत हो गई।जैसा कि बताते है कि उस बीच वहां आस-पास मौजूद लोगों के 'पकड़ो-पकड़ो' का शोर करने पर ड्राइवर कार ले कर वहां से फरार हो गया। हादसे की खबर सुनते ही वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रख कर वहां जाम लगा दिया। इसका पता होते ही पहुंची पुलिस ने तमाम कोशिशों के बाद जाम हटवाया। उसने हादसे की जांच शुरु कर दी। उधर हादसे में किशोर की मौत होने की खबर सुनते हई उसके घर में कोहराम मच गया।

